**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 104**
**उत्तर देने की तारीख़ः 10.02.2020**

## अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

***104. श्री अजय निषादः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) के कार्यकरण की कोई समीक्षा की थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को और अधिक पारदर्शी तथा गतिशील बनाने के लिये इसके कार्यकरण में आमूल-चूल परिवर्तन करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के संबंध में श्री अजय निषाद द्वारा दिनांक 10.02.2020 को पूछे जाने वाला लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 104 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क) और (ख) :** सरकार ने दिनांक 22.10.2014 की अपनी अधिसूचना के तहत देश में "तकनीकी शिक्षा क्षेत्र को पुन: संरचित और मजबूत करने के लिए श्री एम. के. काव, पूर्व-सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अध्यक्षता मे एक समीक्षा समिति का गठन किया। समीक्षा समिति ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को दिनांक 22.04.2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिसमे अनेक सुझावों की सिफ़ारिश की थी।

**(ग) और (घ):** एआईसीटीई के कामकाज को और अधिक पारदर्शी और गतिशील बनाने के लिए प्रयास किया जाता रहा है , यह एक सतत प्रक्रिया है । इन प्रयासो के अधीन शामिल हैं - परिणाम आधारित आदर्श पाठ्यक्रम तैयार करना, छात्रों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप, छात्रों की काउन्सलिन्ग के लिए अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम, परीक्षा सुधार, तकनीकी शिक्षा के लिए परिप्रेक्ष्य योजना, शिक्षक प्रशिक्षण एवं स्टार्ट-अप पहल। एआईसीटीई ने अपने कार्यकलापों मे ई-शासन प्रणाली को लागू किया है। अनुमोदनों को स्व-प्रकटन आधार पर बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के ऑनलाइन प्रदान किया जाता है। इन सब प्रयासों से एआईसीटीई के कार्यों मे और अधिक पारदर्शिता एवं गतिशीलता आई है।

*****